# एसकेआरएयू के प्रबंध मंडल में दो नए सदस्यों की नियुक्ति

बीकानेर @ पत्रिका. राज्य सरकार की ओर से स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट (बोम) के दो नए सदस्यों की नियुक्ति की गई हैं। एमपीयूएटी उदयपुर (महाराणा प्रताप यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी) के राजस्थान कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता तथा डॉ. आरबी दुबे तथा फलौदी के लोहावट तहसील के किसान रावल चंद पंचारिया को सदस्य नियुक्त किया गया है।

डेयरी एंड फूड टेक्नोलॉजी कॉलेज बस्सी के प्रोफेसर और अधिष्ठाता डॉ. धर्म सिंह मीणा तथा एमपीयूएटी उदयपुर के राजस्थान कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आरबी दुबे को स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में शिक्षकों तथा अधिकारियों की नियुक्ति के लिए गठित होने वाली प्रत्येक कमेटी के सदस्य के रूप में भी नामित किया गया है। ये सभी नामांकन एक वर्ष की अवधि के लिए किए गए हैं।

# बोम के दो नए सदस्य नियुक्त

बीकानेर, (कासं)। सरकार की ओर से स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट बोम के दो नये सदस्यों की नियुक्ति की गई हैं। एमपीयूएटी उदयपुर (महाराणा प्रताप यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी) के राजस्थान कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता तथा जाने-माने शिक्षाविद् वैज्ञानिक डॉ आर. बी. दुबे तथा फलौदी के लोहावट तहसील के नोशाहर गांव के प्रगतिशील किसान रावल चंद पंचारिया को बोम का सदस्य नियुक्त किया गया है। डेयरी एंड फूड टेक्नोलॉजी कॉलेज बस्सी, जयपुर के प्रोफेसर डॉ धर्म सिंह मीणा तथा एमपीयूएटी उदयपुर के राजस्थान कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ आर बी दुबे को स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में शिक्षकों तथा अधिकारियों की नियुक्ति के लिए गठित होने वाली प्रत्येक कमेटी के सदस्य के रूप में भी नामित किया गया है। ये सभी नामांकन एक वर्ष की अवधि के लिए किए गए हैं। इन नियुक्तियों पर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अरूण कुमार ने राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि प्रबंधन मंडल के नव नियुक्त सदस्यों के प्रयासों से विश्वविद्यालय के कार्यों को नई गति व दिशा मिलेगी। साथ ही इन सदस्यों के विविध क्षेत्रों में अनुभवों का लाभ भी विश्वविद्यालय को मिल सकेगा।

दैनिक भास्कर
बीकानेर 24-04-2025

# कृषि विश्वविद्यालय के प्रबंध मंडल में दो नए सदस्यों की नियुक्ति, राज्य सरकार ने किया नामित

**बीकानेर** | राज्य सरकार द्वारा स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट (बोम) के लिए दो नए सदस्यों की नियुक्ति की गई हैं। एमपीयूएटी उदयपुर (महाराणा प्रताप यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी) के राजस्थान कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता शिक्षाविद् वैज्ञानिक डॉ. आर बी दुबे तथा फलोदी के लोहावट तहसील के प्रगतिशील किसान रावल चंद पंचारिया को बोर्ड आफ मैनेजमेंट का सदस्य नियुक्त किया गया है। डेयरी एंड फूड टेक्नोलॉजी कॉलेज बस्सी, जयपुर के प्रोफेसर और अधिष्ठाता डॉ. धर्म सिंह मीणा तथा एमपीयूएटी उदयपुर के राजस्थान कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.आर बी दुबे को स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में शिक्षकों तथा अधिकारियों की नियुक्ति के लिए गठित होने वाली प्रत्येक कमेटी के सदस्य के रूप में भी नामित किया गया है। ये सभी नामांकन एक वर्ष की अवधि के लिए किए गए हैं।